


# सप्तदश बिहार विधान सभा

## एकादश सत्र

## दैनिक विवरणिका

संख्या–02 मंगलवार, दिनांक–13 फरवरी, 2024 ई०।

**माननीय उपाध्यक्ष श्री महेश्वर हजारी की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई।**

**समय : 11:00 बजे पूर्वाह्न से 12:16 बजे अपराह्न तक।**

सदन की कार्यवाही प्रारम्भ होते ही विपक्ष के माननीय सदस्यगण कार्यस्थगन के प्रस्ताव पर सदन में चर्चा तथा अन्य मांगों को लेकर शोरगुल करते हुए वेल में आ गये।

आसन द्वारा विपक्ष के माननीय सदस्यों को अपने–अपने स्थान पर बैठ जाने का अनुरोध किया गया और समय पर अपनी बात रखने को कहा गया। इसके बाद विपक्ष के माननीय सदस्यगण अपने–अपने स्थान पर चले गये।

**[1] आसन की सूचना:–**

आसन द्वारा सूचित किया गया कि कार्यमंत्रणा समिति की बैठक आज प्रथम पाली की बैठक समाप्त होने के तुरंत बाद उनके कार्यालय कक्ष में होगी। समिति के सभी माननीय सदस्यों से बैठक में शामिल होने का अनुरोध किया गया।

**[2] प्रश्नकाल :–**

(i) 03 अल्पसूचित प्रश्न उत्तरित।
(ii) 01 अल्पसूचित प्रश्न अपृष्ठ।
(iii) 02 अल्पसूचित प्रश्न अनागत।
(iv) 09 तारांकित प्रश्न उत्तरित।
(v) 105 तारांकित प्रश्न अनागत।

तारांकित प्रश्न संख्या–04 के निस्तारण के दौरान माननीय सदस्यगण शोरगुल करते हुए वेल में आ गये।

इस दौरान आसन द्वारा माननीय मंत्री, शिक्षा विभाग से इस विषय को गंभीरता से लेने का अनुरोध किया गया।

आसन द्वारा बार–बार विपक्ष के माननीय सदस्यों से शांति बनाये रखने तथा अपने–अपने स्थान पर बैठ जाने का आग्रह किया गया किन्तु सदन में शांति कायम नहीं हो सकी और तत्पश्चात विपक्ष के कतिपय माननीय सदस्यगण सदन से बहिर्गमन कर गये।

[3] **कार्य स्थगन प्रस्ताव** :–

माननीय सदस्य श्री सत्यदेव राम एवं श्री अजीत शर्मा द्वारा दिया गया कार्य स्थगन प्रस्ताव नियमानुकूल नहीं रहने के कारण आसन द्वारा इसे अमान्य करने की घोषणा की गयी।

[4] **शून्यकाल** :–

शून्यकाल की सूचना के अन्तर्गत निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया गया:–

(i) श्रीमती मंजु अग्रवाल
(ii) श्री महा नंद सिंह
(iii) श्री ललन कुमार
(iv) श्री गोपाल रविदास
(v) श्री कृष्णनंदन पासवान
(vi) श्री वीरेन्द्र प्रसाद गुप्ता
(vii) श्री अरूण शंकर प्रसाद
(viii) श्री अमरजीत कुशवाहा
(ix) श्री संदीप सौरभ
(x) सुश्री श्रेयसी सिंह
(xi) श्री बीरेन्द्र कुमार
(xii) श्रीमती रश्मि वर्मा
(xiii) श्री पवन कुमार यादव

[5] **ध्यानाकर्षण सूचनाएँ** :–

(i) माननीय सदस्य, श्री विजय कुमार खेमका का मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग/कला, संस्कृति एवं युवा विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य श्री विजय कुमार खेमका द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय प्रभारी मंत्री, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग/कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, श्री श्रवण कुमार द्वारा उत्तर दिया गया।

(ii) माननीय सदस्य श्री अचमित ऋषिदेव का ग्रामीण कार्य विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य श्री अचमित ऋषिदेव द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय प्रभारी मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, श्री श्रवण कुमार द्वारा उत्तर दिया गया।

तत्पश्चात् सभा की बैठक भोजनावकाश तक के लिए स्थगित हुई ।

**भोजनावकाश के बाद**

(02.00 बजे अपराह्न से 03:44 बजे अपराह्न तक)

[इस अवसर पर माननीय उपाध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया]

[6] **कार्यमंत्रणा समिति का प्रतिवेदन** :–

माननीय सदस्य, श्री आलोक कुमार मेहता द्वारा प्रस्ताव किया गया कि दिनांक 13 फरवरी, 2024 को सम्पन्न हुए कार्यमंत्रणा समिति की बैठक के प्रतिवेदन पर सदन की सहमति हो।

आसन द्वारा कहा गया कि दिनांक 13 फरवरी, 2024 को कार्यमंत्रणा समिति के प्रतिवेदन में निम्न सिफारिशें की गयी हैं:–

1. वृहस्पतिवार, दिनांक 15 फरवरी, 2024 को सभा की बैठक हो;

समिति की उक्त सिफारिश पर सदन की सहमति हुई।

[7] **सभा के समक्ष प्रतिवेदनों का रखा जाना** :–

(i) माननीय सभापति, प्रत्यायुक्त विधान समिति, श्री अजीत शर्मा द्वारा परिवहन विभाग से संबंधित पंचम प्रतिवेदन की प्रति को सदन पटल पर रखा गया।

[8] **वित्तीय कार्य** :–

माननीय मंत्री, वित्त विभाग, श्री सम्राट चौधरी द्वारा वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए आय–व्ययक के विवरण का उपस्थापन सदन में किया गया तथा बजट भाषण दिया गया।

इस दौरान विपक्ष के माननीय सदस्यगण अपनी विभिन्न मांगों को लेकर शोरगुल करते हुए वेल में आ गये। आसन द्वारा बार–बार विपक्ष के माननीय सदस्यों से अपने–अपने स्थान पर बैठ जाने तथा उचित समय पर अपनी बात को रखने का अनुरोध किया गया। परन्तु विपक्ष के माननीय सदस्यगण शोरगुल करते हुए सदन से बहिर्गमन कर गये।

[9] **महामहिम राज्यपाल के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर वाद–विवाद :–**

महामहिम राज्यपाल के अभिभाषण के धन्यवाद का प्रस्ताव माननीय सदस्य, श्री संजय सरावगी द्वारा प्रस्तुत किया गया तथा माननीय सदस्य, श्री राम विलास कामत द्वारा इसका अनुमोदन किया गया। दोनों माननीय सदस्यों द्वारा अपना–अपना पक्ष रखा गया।

तदुपरान्त आसन द्वारा माननीय सदस्य, श्री अख्तरूल ईस्लाम शाहीन का नाम धन्यवाद प्रस्ताव पर दिये गये संशोधन के प्रस्ताव को प्रस्तुत करने के लिए पुकारा गया, परन्तु उनके अनुपस्थित रहने के कारण प्रस्ताव प्रस्तुत नहीं किया गया। तत्पश्चात मूल प्रस्ताव पर ही विमर्श हुआ।

महामहिम राज्यपाल के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर विमर्श में आसन की अनुमति से माननीय सदस्य, श्री अनिल कुमार द्वारा अपना पक्ष रखा गया।

आसन द्वारा माननीय सदस्य, श्री अजय कुमार सिंह, श्री महबूब आलम, श्री अजय कुमार, श्री सुर्यकान्त पासवान एवं श्री अखतरूल ईमान का नाम अपना पक्ष रखने हेतु पुकारा गया, परन्तु माननीय सदस्यों के अनुपस्थित रहने के कारण पक्ष प्रस्तुत नहीं किया गया।

आसन द्वारा कहा गया कि महामहिम राज्यपाल के अभिभाषण पर हुए धन्यवाद प्रस्ताव पर सरकार के उत्तर एवं आज के लिए निर्धारित कार्यों के निष्पादन होने तक सदन की सहमति से बैठक की अवधि विस्तारित रहेगी।

तत्पश्चात महामहिम राज्यपाल के अभिभाषण पर सरकार की ओर से माननीय मुख्यमंत्री द्वारा विस्तारपूर्वक उत्तर दिया गया।

तदुपरान्त माननीय सदस्य, श्री संजय सरावगी का मूल प्रस्ताव सदन से स्वीकृत हुआ।

आसन से घोषणा की गयी कि "सदस्यगण इस अभिभाषण के लिए महामहिम राज्यपाल के कृतज्ञ है।"

[10] **निवेदन :–**

आसन से घोषणा की गयी कि आज के लिए स्वीकृत कुल 05 (पाँच) निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जायेंगे।

तत्पश्चात् सभा की बैठक वृहस्पतिवार, दिनांक–15 फरवरी, 2024 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई।

पटना
दिनांक–13.02.2024

**राज कुमार**
सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना।